हिंदी पखवाड़ा समारोह 2019 अनुपालन आख्या

महोदया , पत्रांक 11025/19(1) केविसं(मु°)/हि/4576-4605 दिनांक 21 अगस्त 2019 के अनुसार केन्द्रीय विद्यालय सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम में हिन्दी पखवाड़ा 2019 का आयोजन दिनांक 07-19-2019 से 21-09-2019 तक बहुत ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न किया गया । जिसमें निम्न कार्यक्रमों का आयोजन दिनांकवार किया गया -

1° दिनांक 07-09-2019 शनिवार को हिन्दी पखवाड़ा 2019 का उदघाटन समारोह किया गया , जिसका उदघाटन प्रभारी प्राचार्या श्रीमति प्रियंका यादव, परास्नातक अङ्ग्रेज़ी ने दीप प्रज्वलन कर किया । इस उपलक्ष्य पर परास्नातक हिन्दी डॉ° वेदप्रकाश गर्ग ने छात्रों को हिन्दी पखवाड़ा आयोजन में निहित लक्ष्यों व हिन्दी महत्त्व को स्पष्ट किया ।

2. दिनांक 09-09-2019 सोमवार को प्राथमिक कक्षाओं तृतीय से पंचमी में श्रुतलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तृतीय में रिदम सैनी ,दीपिका बिष्ट ने चतुर्थ में यशी , कान्हा गोस्वामी ने पंचमी में दिव्या,महक ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा माध्यमिक व उच्च माध्यमिक कक्षाओं में आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन सदनवार कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्गानुसार किया गया । जिसमें कनिष्ठ में प्रियदर्शन,भास्कर ,आस्था ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा वरिष्ठ में विवेक जोशी,हर्षिता ने प्रथम व प्रियंशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

3. दिनांक 11-09-2019 बुधवार को प्राथमिक कक्षाओं तृतीय से पंचमी में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तृतीय में रिदम सैनी ,दीपिका बिष्ट ने चतुर्थ में दीक्षा बधानी , शिवम गड़िया ने पंचमी में सुशीला यादव ,अनीशा ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा माध्यमिक व उच्च माध्यमिक कक्षाओं में सूक्ति लेखन / नारालेखन प्रतियोगिता का आयोजन सदनवार कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्गानुसार किया गया । जिसमें कनिष्ठ में साहिल नेगी ८, राजीव, सूरमा 6 तथा वरिष्ठ में हर्षिता 11 अ , लक्ष्मी 11 अ , आयुष रंजन 11 अ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

4. दिनांक 12-09-2019 गुरुवार को कक्षा तृतीय से बारहवीं तक छात्र छात्राओं के लिए पुस्तकालय में हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित की गयी जिसका संयोजन पुस्तकालयाध्यक्ष श्री कुँवर जी ने किया । इस प्रदर्शनी से छात्र लाभान्वित हुए ।

5. दिनांक 13-09-2019 शुक्रवार को हिन्दी दिवस आयोजित किया गया जिसके अंतर्गत शिक्षक छात्र काव्य पाठ गोष्ठी की गयी । इसमें प्राय: सभी शिक्षकों ने स्वरचित काव्यपाठ किया । जिसमें श्री शैलेंद्र , श्री अभिषेक, श्री साहिल ,सुश्री आकांक्षा गोस्वामी , श्री विक्रम का काव्यपाठ सराहनीय रहा ।

6. दिनांक16-09-2019 सोमवार को प्राथमिक कक्षाओं तृतीय से पंचमी में कवितापाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तृतीय में ने दीपिका , वैष्णवी चतुर्थ में विनय , साक्षी पंचमी में महक , वैष्णवी ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा माध्यमिक व उच्च माध्यमिक कक्षाओं में कथा वाचन प्रतियोगिता का आयोजन सदनवार कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्गानुसार किया गया । जिसमें कनिष्ठ में सूरमा 6, बबली 6, आस्था 8 तथा वरिष्ठ में कल्पना कुनियाल 11 अ ,हर्षिता 11 अ , आयुष रंजन 11 अ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

Scanned with CamScanner

7. दिनांक17-09-2019 मंगलवार को कक्षावार काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक वर्ग में कक्षा प्रथम ने माध्यमिक वर्ग में कक्षा षष्ठी ने तथा उच्च माध्यमिक वर्ग में कक्षा बारहवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

8. दिनांक18-09-2019 बुधवार को प्राथमिक में नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा माध्यमिक व उच्च माध्यमिक कक्षाओं में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन सदनवार कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्गानुसार किया गया । जिसमें कनिष्ठ में बबली 6, ईशा भट्ट 8, करीना गड़िया 7 तथा वरिष्ठ में , आयुष रंजन 11 अ , कल्पना कुनियाल 11 अ , सूर्यान्शा 10 ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

9. दिनांक19-09-2019 गुरुवार को शिक्षकों हेतु टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना था पर विद्युत अभाव के कारण यह प्रतियोगिता आयोजित नहीं की जा सकी ।

10. दिनांक 20-09-2019 बुधवार को माध्यमिक में नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अशोका सदन प्रथम और शिवाजी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

11.

12. दिनांक 21-09-2019 को समापन समारोह के साथ विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया ।

इस समारोह में छात्र छात्राओं ने पूरे उत्साह से सहभागिता निभाई । सभी अध्यापकों का पूरे कार्यक्रम के दौरान भरपूर सहयोग मिला ।कार्यक्रम का संयोजन स्नातकोत्तर शिक्षक हिन्दी डॉ॰ वेदप्रकाश गर्ग ने किया ।

संलग्नक- उपर्युक्त कार्यक्रम के छायाचित्र

पूर्णिमा 23/9/19

प्रभारी प्राचार्या

(श्रीमती पूर्णिमा)

प्राचार्य / Principal
केन्द्रीय विद्यालय / Kendriya Vidyala...
एस एस बी ग्वालदम / S.S.B.Gwaldam
चमोली 246441 / Chamoli 24644.